G20 भारत 2023 INDIA

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता
SYAMA PRASAD MOOKERJEE PORT, KOLKATA
Formerly Kolkata Port Trust

CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

कोलकाता में आयोजित

# जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह 2023

की

## तीसरी बैठक के संबंध में

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता

## द्वारा आयोजित

# रन अप गतिविधियों पर पुस्तिका




31 जुलाई से 8 अगस्त, 2023




# प्रस्तावना

वैश्विक संगठन जी-20 की भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (ACWG) की तीसरी बैठक 9 अगस्त से 11 अगस्त 2023 तक कोलकाता में हुई, जिसके पश्चात 12 अगस्त, 2023 को शिखर बैठक का आयोजन हुआ।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता एवं कुछ अन्य सरकारी संस्थानों को इन बैठकों के पूर्व, जन-जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का दिशा निर्देश दिया। इसमें मुख्यत : विभिन्न शिक्षण संस्थानों में G-20, भ्रष्टाचार विरोध एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए क्विज, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, निबंध इत्यादि कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। इन सभी कार्यक्रमों का मूल आधार था "सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को रोकना और उससे लड़ना।

सतर्कता विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता ने विभिन्न कार्यक्रमों में न केवल सक्रिय भूमिका निभाई, अपितु इस पर आवश्यक बल दिया कि शिक्षण संस्थानों के अध्यापक गण एवं कर्मी न केवल उत्साह पूर्वक सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित हों अपितु इन् कार्यक्रमों को आत्मसात कर लें। इसी प्रकार जन भागीदारी के कार्यक्रमों के आयोजन में विभिन केंद्र सरकारी कार्यालयों के अध्यक्ष एवम अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न गतिविधियों का अभिन्न अंग बनाया गया ताकि जन-जागरण में आनुपातिक वृद्धि हो।

9 सितंबर, 2023 को होने वाले आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह द्वारा मिलेनियम पार्क III में जी-20 लोगो को फिर से स्थापित किया गया। पिछले साल भारी तूफान के कारण उपर्युक्त संरचना क्षतिग्रस्त हो गई थी।

इस सामूहिक प्रयास के फल स्वरुप जन - जागृति में वृद्धि होने के साथ-साथ आम जनता में थीम के प्रति अत्यंत रुचि जागृत हुई। अध्यापकों, अभिभावकों, छात्र - छात्रों एवम दर्शकों ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। स्कूलों ने स्वतः प्रार्थना सभा के दौरान सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा सभी छात्र-छात्राओं को दिलायी एवं बच्चों का G-20 एवं ACWG के प्रति मार्गदर्शन किया। इतने वृहत स्तर का कार्यक्रम केवल जनभागीदारी द्वारा ही सफल हो पाया। इस दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी "नैतिकता और अच्छी प्रथाएं" नामक पुस्तकें भी छात्र-छात्राओं को वितरित की जिसे पढ़ने का उनमें असीम उत्साह पाया गया।

जन-जागरूकता लाने के लिए वृहत् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए जिन्हें निम्नलिखित संभागों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

(अ) स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताएं

(ब) कालेज एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में आयोजित प्रतियोगिताएं

(स) जनभागीदारी सुनिशिचित करने के लिए किए गए कार्यक्रम

(द) संदेश का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार

# स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताएं

केंद्रीय सतर्कता आयोग के ईमेल दिनांक 22-08-2023 के दिशा निर्देशानुसार वैश्विक संगठन जी–20 के भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (ACWG) की बैठकों के संदर्भ में जन जागरूकता उत्पन्न करने हेतु सतर्कता विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता द्वारा विभिन्न स्कूलों में छात्र–छात्राओं के लिए क्विज, पोस्टर मेकिंग, एवम् निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत् विभिन्न तबकों से आये विद्यार्थियों तक पहुँचने के लिए नामी प्राइवेट स्कूलों, सरकारी स्कूलों, म्युनिसिपल विद्यालयों और पोर्ट स्कूल को शामिल किया गया। प्रतियोगिता, उसके विषय, पुरस्कार एवम् जागरूकता उत्पन्न करने की प्रणाली सभी प्रकार के स्कूल में सामान रखी गयी। पोस्टर मेकिंग में प्रतियोगिता का विषय "भ्रष्टाचार विरोध" एवं "जी20 Anti Corruption Action Plan" था जबकि निबंध प्रतियोगिता "Role of youth in preventing and countering corruption at International level" विषय पर आधारित थी।

सतर्कता विभाग के प्रोत्साहन पर सभी स्कूलों ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्कूलों ने सतर्कता विभाग को प्रार्थना सभा के दौरान आने के लिए आमंत्रित किया और प्रार्थना के पश्चात् सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा सभी छात्र–छात्राओं को दिलायी। साथ ही सभा में प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों का G-20 एवं ACWG के प्रति मार्गदर्शन किया।सभी बच्चों में कार्यक्रम के प्रति कौतुहल देखा गया। जिन बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता नहीं दी, वे जिज्ञासावश दर्शक बने वहां उपस्थित थे। सतर्कता विभाग ने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी पुस्तकें सभी बच्चों में वितरित की, जिन्हे पढ़ने का उत्साह उन बच्चों में भी देखा गया जो प्रतिभागी नहीं थे।

स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नानुसार है :

1. **लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल, अलीपुर रोड, कोलकाता** में दिनांक 31-07-2023 को पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया एवं अपने विचार व्यक्त किए । पोस्टर मेकिंग में 15 एवं निबंध प्रतियोगिता में 20 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की।



*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल कोलकाता*



प्रतिभागी तल्लीनता से रंगों का करिश्मा पोस्टर के रूप में उकेरते हुए




निबंध प्रतियोगिता, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल कोलकाता




पुरस्कार वितरण, निबंध प्रतियोगिता लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल कोलकाता



*पुरस्कार वितरण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल कोलकाता*



*प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों द्वारा कविता द्वारा सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने का आह्वान*



छोटे बच्चों का G -20 के प्रति मार्गदर्शन




स्कूल द्वारा स्वतः छात्रों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेने के लिए तैयार करते हुए

2. **फ्लावर टू स्कूल, तारतल्ला, कोलकाता** में दिनांक 31-07-2023 पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया एवं अपने विचार व्यक्त किए। पोस्टर मेकिंग में 80 एवं निबंध प्रतियोगिता में 30 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की।



*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, फ्लावर टू स्कूल, तारतल्ला, कोलकाता*



*निबंध प्रतियोगिता, फ्लावर टू स्कूल, तारतल्ला, कोलकाता*




*पुरस्कार वितरण, फ्लावर टू स्कूल, तारतल्ला, कोलकाता*

3. **डी पी एस, रूबी पार्क, कोलकाता** में दिनांक 01-08-2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 21 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की। उत्कृष्ट पोस्टर्स बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवम सभी प्रतिभागियों में आयोग द्वारा जारी पुस्तकें वितरित की गयीं




*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, डी पी एस, रूबी पार्क, कोलकाता*




*उत्साही प्रतिभागियों ने अपने सूक्ष्म भावों को रंगों से विस्तृतता दी*




*पुरस्कार एवम आयोग द्वारा जारी पुस्तक वितरण, डी पी एस, रूबी पार्क, कोलकाता*

4. **आर्मी पब्लिक स्कूल, बालीगंज, कोलकाता** में दिनांक 02-08-2023 को निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 44 एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 56 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की। सभी सम्मिलित अध्यापकों में असीम उत्साह एवम छात्रों में विषय के प्रति अत्यंत उत्सुकता देखी गयी। अध्यापकों द्वारा स्वतः सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों ने जोर–शोर से प्रतिज्ञा ली।



*करबद्ध छात्र कतार में बेसब्री से प्रतियोगिता के आरम्भ होने की प्रतीक्षा करते हुए*



*सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेते हुए आर्मी पब्लिक स्कूल, बालीगंज, कोलकाता*




*सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार विरोधी ज्ञान को आत्मसात करती छात्राएं*



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, आर्मी पब्लिक स्कूल, बालीगंज, कोलकाता




निबंध प्रतियोगिता, आर्मी पब्लिक स्कूल, बालीगंज, कोलकाता



प्रिंसिपल महोदय, अध्यापिकाएं, पोर्ट के अधिकारी, जज एवम प्रतियोगिताओं में सम्मिलित छात्र




पुरस्कार वितरण, आर्मी पब्लिक स्कूल, बालीगंज, कोलकाता

5. **श्री ज्ञान भास्कर बालिका विद्यालय,** 11 डॉक ईस्टर्न बाउंडरी रोड, कोलकाता में दिनांक 02-08-2023 को निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि से लगातार अत्यंत मूसलाधार बारिश के चलते यातायात में असुविधा होने के बावजूद उत्साही छात्राएं अल सुबह भीगते हुए प्रतियोगितओं में भाग लेने पहुंची। निबंध प्रतियोगिता में 11 एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।




*निबंध प्रतियोगिता, श्री ज्ञान भास्कर बालिका विद्यालय, कोलकाता*







*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, श्री ज्ञान भास्कर बालिका विद्यालय, कोलकाता*





आयोग द्वारा जारी हिंदी अनुदित पुस्तक वितरण, श्री ज्ञान भास्कर बालिका विद्यालय, कोलकाता




जज गूढ़ार्थ वाले पोस्टर की रचयिता नन्ही छात्रा को प्रथम पुरस्कार देते हुए




पुरस्कार वितरण, श्री ज्ञान भास्कर बालिका विद्यालय, कोलकाता

6. **श्री शिक्षायतन स्कूल, 11 लॉर्ड सिन्हा रोड, कोलकाता** में दिनांक 02-08-2023 को निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहाँ निबंध प्रतियोगिता में 26 प्रतिभागी थे, वहीँ, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 130 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रंगीन पोस्टर उकेरे।






*निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण, श्री शिक्षायतन स्कूल, कोलकाता*

7. **सैंट औगुस्टिन डे स्कूल, एंटल्ली, कोलकाता** में दिनांक 03-08-2023 को निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 94 एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 126 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।



*निबंध प्रतियोगिता, सैंट औगुस्टिन डे स्कूल, एंटल्ली, कोलकाता*








*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सैंट औगुस्टिन डे स्कूल, एंटल्ली, कोलकाता*

8. **श्री ज्ञान भास्कर विद्यालय, 11 डॉक ईस्टर्न बाउंडरी रोड, कोलकाता** में दिनांक 04-08-2023 को निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 39 एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 57 छात्रों ने प्रतिभागिता की।




*निबंध प्रतियोगिता, श्री ज्ञान भास्कर विद्यालय, कोलकाता*




*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, श्री ज्ञान भास्कर विद्यालय, कोलकाता*




निबंध प्रतियोगिता, श्री ज्ञान भास्कर विद्यालय, कोलकाता




पुरस्कार वितरण, श्री ज्ञान भास्कर विद्यालय, कोलकाता

# कालेज एवं उच्च शिक्षण सस्थओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताएँ

**1. इंटर कॉलेज निबंध प्रतियोगिता**

दिनांक 04-08-2023 को विभिन्न कालेजों में इंटर कॉलेज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता "Role of youth in preventing and countering corruption at International level" विषय पर आधारित थी । दी वैस्ट बंगाल नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ जूरीडिकल साइन्स (एनयूजेएस) कोलकाता (06 प्रतिभागी), स्कॉटिश चर्च कॉलेज, कोलकाता (03 प्रतिभागी) एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कलकत्ता (16 प्रतिभागी) के छात्र एवं छात्राओं ने इस निबंध इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में शोध छात्रों ने भी सम्मिलित होकर प्रतियोगिता का स्तर उच्चतर कर दिया। जहाँ लॉ के छात्रों ने कानूनी तौर पर विषय में अपने विचार लिखे वहीं मैनेजमेंट के छात्रों ने वस्तुस्थिति को प्रबंधन की आंख से प्रदर्शित किया।तीसरी ओर कॉलेज के छात्रों ने निष्पक्ष एवम् सरल भाव से विचार निबंध में व्यक्त किये।



## 2. इंटर कॉलेज वाद विवाद प्रतियोगिता

इसी तत्वाधान में 07.08.2023 को इंटर कॉलेज वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। हुगली नदी पर बंगाल पैडल पर यात्रा करते हुए विभिन्न उच्च शिक्षण संसथानो के प्रतिभागियों ने वाद विवाद कौशल का सुन्दर प्रदर्शन किया। विषय था "Youth should be the front runner in preventing and combating corruption in the society across the world"। दिए गए विषय के पक्ष और विपक्ष में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कथन अत्यंत सटीक थे एवम प्रतिभागियों ने अपनी तार्किक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विपक्ष के कथन को तत्परता से काटा। इस प्रतियोगिता में कोलकाता के माने हुए उच्च शिक्षण संस्थानों ने अपनी डिबेटिंग सोसाइटी के बेहतरीन चार चार प्रतिभागी भेजे जिसमे आई आई टी खरगपुर, दी वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवरसिटि ऑफ जूरीडिकल साइन्स (एनयूजेएस) कोलकाता, ज़ेवियर्स कॉलेज, स्कॉटिश चर्च, लॉ कॉलेज ऑफ़ कलकत्ता यूनिवर्सिटी इत्यादि शामिल थे।

वादविवाद प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में वरिष्ठ मुख्य सतर्कता अधिकारियों यथा, श्री गौतम भट्टाचार्य, भारतीय डाक सेवा (सेवानिवृत) भूतपूर्व सतर्कता अधिकारी, जी इस आइ, श्री सुन्दर लाल भालोटिया, मुख्य सतर्कता अधिकारी, डी वी सी एवम श्रीमती रंजना बोस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, यूको बैंक थे।



*वाद विवाद प्रतियोगिता के माननीय जज प्रतियोगिता आरंभ करने से पहले नियम और प्रारूप को अंतिम रूप देते हुए*



*वाद विवाद प्रतियोगिता अपने चरम रूप में*



*जज निर्णायक मोड़ पर सभी श्रेष्ठ प्रतिभागियों में से सर्वश्रेष्ठ को तलाशते हुए*




*वाद विवाद के सभी प्रतिभागी, जज एवम प्रमुख व्यक्तियों के साथ*

### 3. ओपन क्विज प्रतियोगिता

हुगली नदी पर तैरते हुए दिनांक 07.08.2023 को अभूतपूर्व कार्यक्रम था ओपन क्विज प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में स्कूल एवम कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभागिता दी।



इस प्रतियोगिता में कोलकाता के माने हुए उच्च शिक्षण संस्थानों ने अपनी क्विज सोसाइटी के बेहतरीन चार चार प्रतिभागी भेजे जिसमे आई आई टी खरगपुर, ज़ेवियर्स कॉलेज, स्कॉटिश चर्च, लॉ कॉलेज ऑफ़ कलकत्ता यूनिवर्सिटी इत्यादि शामिल थे। दूसरी ओर उन्हें नन्ही लेकिन कड़ी टक्कर देने के लिए स्कूल के छात्र थे। शामिल हुए स्कूलों **में सैंट औगुस्टिन डे स्कूल, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादेमी स्कूल, श्री शिक्षायतन स्कूल एवम डी पी एस, रूबी पार्क** मुख्य थे।



प्रिलिमिनरी राउंड में स्कूल के बच्चों ने कॉलेज के बच्चों को कड़ी टक्कर दी। मुख्य राउंड के लिए उत्तीर्ण होने वाले कॉलेज के छात्र भी स्कूली छात्रों के कड़े प्रयास की सराहना किये बिना नहीं रह सके। क्विज मास्टर ने एंटी करप्शन पर ऑडियो विज़ुअल क्विज को ओजपूर्ण तरीके से पेश कर तैरते हुए बंगाल पैडल पर समा बांध दिया।






श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के अध्यक्ष श्री रथेंद्र रमण ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, एवम अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

अध्यक्ष श्री रथेंद्र रमण ने सभी प्रतिभगियों का मार्गदर्शन किया एवम विषय की महत्ता के बारे में उन्हें जागरूक किया।

# जनभागीदारी सुनिशिचित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर किए गए कार्यक्रम

1. विक्टोरिया मेमोरियल में वॉकथॉन का आयोजन:



जी–20 एसीडब्ल्यूजी बैठक के लिए एक सांकेतिक गतिविधि के रूप में, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता ने विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के सहयोग से 05.08.2023 को वॉकथान का आयोजन किया। वॉकथान का विषय "वॉक फॉर एथिक्स" था और "अखंडता को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार को रोकना और मुकाबला करना" पर जन–जागरण जागरूकता पैदा करना था।



अध्यक्ष, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के ओजपूर्ण नेतृत्व में 280 लोगों के जन समूह ने इस वॉकथान में भाग लिया।अध्यक्ष महोदय के साथ उपाध्यक्ष, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता, डिप्टी कमांडेंट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के अधिकारी एवं कर्मचारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी एवम जवान, स्कूल के टीचर्स, पोर्ट के विभिन्न यूज़र्स इत्यादि ने वॉकथान में भागीदारी दी। बैनर हाथ में थामे फ्लावर 2 स्कूल के छात्रों ने खुशी से "नन्हा मुन्ना राही हूं" गाते हुए और वॉकथान की गति निर्धारित करते हुए बहुत उत्साह के साथ मार्च किया।





एक घंटे से ऊपर चली वॉकथॉन में प्रदर्शित थीम बैनर्स के प्रति विक्टोरिया मेमोरियल में आये मॉर्निंग वॉकर्स और दर्शकों में काफी कौतुहूल देखा गया।

## 2. सार्वजनिक स्थलों में जन-जागरूकता के लिए रंगारंग कार्यक्रम:

इसी संदर्भ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता द्वारा जन प्रसार हेतु 31 जुलाई से 8 अगस्त 2023 के दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे हावड़ा रेलवे स्टेशन, साइन्स सिटी, रानुछाया मंच मैदान इत्यादि में भ्रष्टाचार विरोधी विषयों पर फ्लावर टू स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा कविता पाठ तथा नाटक का आयोजन भी किया गया।

### i) हावड़ा रेलवे स्टेशन

पूर्वी रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के सहयोग से देश के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक हावड़ा स्टेशन पर एक स्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सभी कार्यक्रमों का विषय "भ्रष्टाचार की रोकथाम और मुकाबला" था जिसे फ्लावर II स्कूल के बच्चों द्वारा कविताओं और नाटकों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।






*हावड़ा रेलवे स्टेशन मे नाटक का आयोजन*



*हावड़ा रेलवे स्टेशन मे कविता पाठ का आयोजन*

अध्यक्ष, बंदरगाह और डीआरएम, उपाध्यक्ष, बंदरगाह और ईस्टर्न रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का यात्रियों और दर्शकों द्वारा खूब स्वागत किया गया बेहद पसंद किया गया। दर्शकों ने मोबाइल द्वारा बच्चों की प्रस्तुति की रिकॉर्डिंग की एवम तालियां बजा कर उत्साहवर्धन किया।

ii) रानू छाया मंच:



शहर के मध्य में और नंदन के बगल में अवस्थित रानू छाया मंच नुक्कड़ नाटकों के लिए प्रसिद्ध जगह है। फ्लावर 2 स्कूल के बच्चों ने कविताओं, गीतों और नाटक के माध्यम से "ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार विरोधी" संदेश को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रंग–बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने दर्शकों में काफी दिलचस्पी जगाई। कार्यक्रम के प्रति जनता का उत्साह एवं जिज्ञासा देखने लायक थी।



**(iii) साइन्स सिटी**

नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस म्यूजियम के अंतर्गत सभी म्यूजियम में साइंस सिटी, कोलकाता देश का में सबसे बड़ा म्यूजियम है। हर दिन यहाँ कई स्कूलों से बच्चे एवम अन्य जिज्ञासु दर्शक यहाँ आते है।










साइंस सिटी के सतर्कता विभाग ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के जन जागरूकता कार्यक्रम का समर्थन किया। साइंस सिटी म्यूजियम और नैशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम के सहयोग से साइंस सिटी में डायनोसौर पार्क के ठीक सामने ओपन थिएटर में फ्लावर II स्कूल के स्कूली बच्चों द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी विषय पर एक रंगारंग प्रदर्शन किया गया। यह दिन साइंस सिटी स्थित द्वारा चुना गया था और दो सरकारी स्कूलों ने अपने स्कूली बच्चों के लिए साइंस सिटी के दौरे के लिए अनुमति मांगी थी। "अखंडता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को रोकने और उसका मुकाबला करने" की अवधारणा को मज़ेदार ढंग से सीखने से संबंधित छात्रों का ऊर्जा स्तर शानदार था।

6. भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (ACWG) की बैठकों के संदर्भ में जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार हेतु कोलकाता शहर के प्रमुख स्थानों पर पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए गए।

इस सप्ताह के दौरान दस हज़ार से अधिक लोगों को प्रतिदिन दिन में तीन बार बल्क मैसेज मोबाइल पर भेजे गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न समाचार पत्रों में भी इस बाबत विस्तृत रूप से समाचार प्रकाशित किये।



समाज्ञा 09 August 2023 - 09 Aug 2023 - Page 4

**जी20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप 2023 की तीसरी बैठक के दौरान वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन**


कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट द्वारा 31 जुलाई से कोलकाता के प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के बीच 9 से 11 अगस्त के दौरान होने वाली जी20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप 2023 की तीसरी बैठक से पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सुझाए गए जागरूकता अभियान के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसएमपीके ने गत 7 अगस्त को एक-दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन, इंटर कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता में आईआईटी खड़गपुर, कलकत्ता विश्वविद्यालय, सेंट जेवियर्स कॉलेज, स्कॉटिश चर्च कॉलेज और वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटि ऑफ जूरीडिकल साइंसेज के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन सीवीओ, डीवीसी; सीवीओ, यूको बैंक और पूर्व सीवीओ जीएसआई द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता उक्त संस्थानों के कुछ सर्वश्रेष्ठ युवा मस्तिष्क के मेधा का शानदार प्रदर्शन था। इसके बाद उपरोक्त संस्थानों के साथ-साथ श्री शिक्षायतन, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी, डीपीएस रूबी पार्क और सेंट ऑगस्टीन डे स्कूल जैसे स्कूलों के छात्रों के बीच एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। कोलकाता श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने उपाध्यक्ष सम्राट राही और सीवीओ डॉ. प्रीति महतो के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किये।



**Syama Prasad Mookerjee port organizes debate and quiz competitions in Kolkata**

MI News Service, Kolkata: Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata (SMPK) has been organising multiple events amongst students of prominent Schools and Colleges in Kolkata from 31st July, 2023, in line with the awareness campaign advised by Central Vigilance Commission, in run up to the 3rd Meeting of G20 Anti-Corruption Working Group (ACWG) 2023, scheduled to be held in Kolkata from 9 th to 11 th August, 2023.The aforementioned activities are being conducted with the objective of raising awareness about the perils of corruption and to instill a sense of integrity amongst the budding citizens of the country, so that they are inspired to become the front runners in preventing & combating corruption in the society at large. Further, engaging young minds in intellectual discourse is instrumental in deriving solutions for regional, national and global changes. With the above in view, SMPK organized a daylong event on 7 th August, 2023, commencing with Inter College Debate Competition, which was participated by students from IIT Kharagpur, University of Calcutta, St. Xavier's College, Scottish Church College and The West Bengal National University of Juridical Sciences. The scintillating debate was judged by CVO of DVC, CVO of UCO Bank and Ex CVO of GSI. The contest was a dazzling display of intellect by some of the best young minds of the said institutions. This was followed by an enthralling Quiz Competition between students of the above institutes as well as Schools like Shri Shikshayatan, Lakshmipat Singhania Academy, DPS Ruby Park and St. Augustine's Day School. Shri Rathendra Raman, Chairperson, Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata gave away the prizes, along with Shri Samrat Rahi, Dy. Chairperson and Dr. Preeti Mahto, CVO in presence of other Senior Officers of Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata.

*Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata, Chairperson , Rathendra Raman gives away prizes, along with Shri Samrat Rahi, Dy. Chairperson and Dr. Preeti Mahto, CVO, in presence of other Senior Officers of Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata on Tuesday.*

























उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार #G20 के संदर्भ में ट्विटर पर किया गया जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण एवं संबन्धित फोटो को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया गया। विभिन्न ट्वीट्स में केंद्रीय सतर्कता आयोग, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय एवं डीओपीटी के आधिकारिक हैंडल को टैग भी किया गया ।

# सारांश

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) ने 9 से 11 अगस्त, 2023 तक कोलकाता में आयोजित जी–20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) 2023 की तीसरी बैठक से पहले केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सलाह दिए गए जागरूकता अभियान के अनुरूप 31 जुलाई, 2023 से कोलकाता के प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के बीच कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।

उपर्युक्त गतिविधियों का आयोजन भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और देश के नवोदित नागरिकों के बीच ईमानदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि वे बड़े पैमाने पर समाज में भ्रष्टाचार को रोकने और उसका मुकाबला करने में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित हों। इसके अलावा, बौद्धिक प्रवचन में युवा दिमाग को शामिल करना क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक परिवर्तनों के समाधान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


इसी को ध्यान में रखते हुए, एसएमपीके ने 7 अगस्त, 2023 को अभूतपूर्व एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी शुरुआत इंटर कॉलेज डिबेट प्रतियोगिता से हुई। इसमें आईआईटी खड़गपुर, कलकत्ता विश्वविद्यालय, सेंट जेवियर्स कॉलेज, स्कॉटिश चर्च कॉलेज और पश्चिम बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंसेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस शानदार वाद–विवाद को सीवीओ, डीवीसी, सीवीओ, यूको बैंक और पूर्व सीवीओ जीएसआई ने जज किया। यह प्रतियोगिता उक्त संस्थानों के कुछ सर्वश्रेष्ठ युवा दिमागों द्वारा बुद्धि का एक चमत्कारी प्रदर्शन था। इसके बाद उपर्युक्त संस्थानों के छात्रों के साथ–साथ श्री शिक्षायतन, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी, डीपीएस रूबी पार्क और सेंट ऑगस्टीन डे स्कूल जैसे स्कूलों के बीच एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के ईमेल दिनांक 22-08-2023 के दिशा निर्देशानुसार वैश्विक संगठन जी–20 के भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (ACWG) की बैठकों के संदर्भ में जन जागरूकता उत्पन्न करने हेतु श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता द्वारा स्कूलों व कालेजों में छात्र–छात्राओं के लिए क्विज़, पोस्टर मेकिंग, वाद–विवाद, निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज़ के प्रश्न जी–20 एवं भ्रष्टाचार विरोधी विषय पर आधारित थे । वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय "Youth should be the front runner in preventing and combating corruption in the society across the world" था । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता "भ्रष्टाचार विरोधी विषय" एवं "जी20 Anti Corruption Action Plan" इन सभी कार्यक्रमों का मूल आधार था "सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को रोकना और उससे लड़ना " के विषय पर आयोजित की गई । स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता "Role of youth in preventing and countering corruption at International level" विषय पर आधारित थी । इस अवसर पर उपरोक्त सभी स्कूलों व कालेजों में व्यापक जन जागरूकता प्रसार हेतु पोस्टर, बैनर और स्टैंडी प्रदर्शित किए गए । सभी कार्यक्रमों के दौरान उपस्थिति छात्रों को जी-20 समूह के बारे में और साथ ही भ्रष्टाचार कारण–निवारण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्रों के बीच स्टेशनरी, पोस्टर मेकिंग किट, स्नैक्स बॉक्स इत्यादि का वितरण किया गया। विजयी प्रतिभागियों को इस अवसर पर उपस्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

इसके अलावा सभा स्थल के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी बैनर लगाए गए। बैनर और "भ्रष्टाचार विरोधी" जिंगल और नारों के साथ एक मोबाइल वैन भी शहर के विभिन्न स्थानों पर घूमी। दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों को समाचार पत्रों और सोशल मीडिया जैसे ट्विटर, फेसबुक आदि में भी कवर किया गया, जिसे व्यापक रूप से सराहा गया। साथ ही जन सहभागिता कार्यक्रम जैसे वॉकाथन एवं सार्वजनिक स्थानों में जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि वह सीवीसी के निर्देशों के अनुसार अभियान का हिस्सा रहा है।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता
SYAMA PRASAD MOOKERJEE PORT, KOLKATA
Formerly Kolkata Port Trust

# Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata

**15, Strand Road,**
**Kolkata – 700 001**

## Vigilance Department
## 6, Fairlie Warehouse,
## Ground Floor

**Strand Road,**
**Kolkata – 700 001**